卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 228 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦25 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# शिक्षा और युवा सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता: धामी

## मुख्यमंत्री ने खटीमा में 'दीदी की लाइब्रेरी' समेत विभिन्न विकास योजनाओं का किया लोकार्पण






खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में युवाओं के सशक्तिकरण और जनसुविधाओं को नई दिशा देने वाली विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लगभग 89 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई परियोजनाओं को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक "दीदी की लाइब्रेरी", 7.50 लाख रुपये की लागत से नवीनीकृत एवं आधुनिकीकृत व्यायामशाला भवन तथा 26.50 लाख रुपये की लागत से विकासखंड सभागार के आधुनिकीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह सभी सुविधाएं क्षेत्र के विद्यार्थियों, युवाओं और आमजन के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगी और शिक्षा तथा विकास की नई संभावनाओं को गति देंगी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार होती है। खटीमा में स्थापित की गई दीदी की लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह पुस्तकालय छात्रों को शांत और बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे वे अपने लक्ष्य के अनुरूप तैयारी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत और ग्रामीण क्षेत्रों के कई प्रतिभाशाली छात्र संसाधनों की कमी के कारण बेहतर अध्ययन सुविधाओं से वंचित रह जाते थे। यह लाइब्रेरी ऐसे विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगी। यहां उपलब्ध पुस्तकों और अध्ययन सामग्री से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में मीडिया सेंटर भवन का किया शिलान्यास





हल्द्वानी। राज्य के विकास में मीडिया की भी अहम भूमिका होती है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज तहसील हल्द्वानी के अन्तर्गत ग्राम लोहरियासाल तल्ला में मीडिया सेंटर भवन के निर्माण कार्य का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिलान्यास करने के बाद उपस्थित गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों, कराये जा रहे विकास कार्यो व विकास योजनाओं सहित जनहित में लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही आमजन तक पहुंचती है। इसलिये सरकार और जनता के बीच मीडिया की भूमिका को कभी भी नकारा नही जा सकता। श्री धामी ने कहा कि यहां मीडिया सेन्टर भवन का निर्माण होने के पश्चात कुमाऊं मण्डल के पत्रकारों को यहां सारी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि मीडिया सेन्टर भवन में सूचना विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठकर क्षेत्र के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी का क्षेत्र के सभी पत्रकारों द्वारा एक-एक कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में देहरादून से आये सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी एवं सूचना सचिव शैलेश बगौली भी मौजूद रहे। मीडिया सेंटर भवन के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सांसद अजय भट्ट,विधायक बंशीधर भगत,कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा,राम सिंह कैड़ा,विधायक सरिता आर्य, मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला,मण्डी परिषद चेयरमैन अनिल कपूर डब्बू,मेयर गजराज विष्ट,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, अजय राजौर,मोहन पाल सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि और पत्रकार थे।

# अतिक्रमण हटाने और भू कानून उल्लंघन की जांच में तेजी लाएं : सीएम

## वर्चुअल बैठक में जिलाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को खटीमा स्थित अपने निजी आवास से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम सभाओं की सरकारी भूमि की भी व्यापक जांच की जाए और अवैध कब्जों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भू कानून का उल्लंघन कर खरीदी गई जमीनों की जांच तेज की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की त्वरित सुनवाई कर भू कानून का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने शत्रु संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के भी निर्देश दिए। साथ ही वक्फ संपत्तियों का पूरा विवरण उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने और उसकी नियमित समीक्षा एवं जांच सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने अन्य राज्यों से आए लोगों के शस्त्र लाइसेंसों की जांच करने और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को चिन्हित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनसेवा केंद्रों की जांच करने तथा अवैध राशन कार्ड बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे अपात्र लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने और सत्यापन अभियान में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। आगामी मानसून को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को पूर्व तैयारियां समय रहते पूरी करने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# एक ही रात में तीन घरों में चोरी,नगदी और जेवर उड़ाये



गदरपुर । थाना गदरपुर की सकैनिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसीत में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोरों ने बड़ी शातिराना तरीके से घरों की पीछे की दीवार काटकर नगदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्राम मसीत निवासी भूरा, इबले हसन पुत्र अता हुसैन तथा अब्बास अली पुत्र अफसर अली के घरों में रविवार देर रात चोरी की वारदात हुई। भीषण गर्मी के चलते तीनों परिवार घर के आंगन में पंखा लगाकर सो रहे थे, जबकि घरों के चौनल गेट पर ताले लगे हुए थे। इसी दौरान चोर पीछे की दीवार (शेष पृष्ठ 7 पर)

# लेन देन के विवाद में भाई ने भाई पर तानातमंचा,दोनों भाई गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार की रात्रि ट्रांजिट कैंप के शास्त्री नगर मोहल्ले में लेनदेन के विवाद को लेकर घर में घुस आए एक युवक ने अपने बड़े भाई पर तमंचा तानकर परिजनों से मारपीट की और रुपए न देने पर बच्चे को उठा ले जाने की धमकी देने लगा। मामले की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने युवक के पास से तमंचा बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने दोनों भाईयों को शांति व्यवस्था भंग कने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। शास्त्री नगर निवासी महिला ने बताया कि उसके पति रंजीत ने भाई रिंकू को कुछ रूपये देने थे। पति ने उसे कुछ दिनो बाद रूपये देने के लिये बोला था। 24 मई को रात्रि रिंकू उसके घर पर आकर गाली गलौच करने लगा। जिस पर घर का गेट बंद दिया गया। आरोप है रिंकू पड़ौसी की छत से उसके मकान में आ गया तथा गालिया देते हुये उसे व उसके पति को मारने पीटने लगा और उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी अगर पैसे नही दिये तो बच्चे को उठाकर लेकर चला जांउगा। महिला का कहना है कि सूचना मिलने पर आये पुलिसकर्मियों को रिंकू के पास से एक तमन्चा भी मिला है। बाद में पूछताछ करने के (शेष पृष्ठ 7 पर)

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का घेराव,हंगामा



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में सोमवार को स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध के चलते क्षेत्र में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। विरोध बढ़ने पर टीम को स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार को विद्युत विभाग की टीम संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में पुराने बिजली मीटरों के स्थान पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। टीम द्वारा कुछ घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, तभी स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मौके पर माहौल गर्म हो गया और नारेबाजी शुरू हो गई। विरोध की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी कांग्रेस नेताओं और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंच गए। पूर्व विधायक के नेतृत्व में लोगों ने विद्युत विभाग और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का घेराव कर काम बंद कराने की मांग की। हंगामे के बीच काफी देर तक बहस और नोकझोंक का माहौल बना रहा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि स्मार्ट मीटर आम आदमी के शोषण का माध्यम बनते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार गरीब और मध्यम वर्गीय बस्तियों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाकर लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने की उत्तराखण्ड में एसआईआर की समीक्षा

## मतदाताओं से नवीनतम पासपोर्ट फोटो उपलब्ध कराने के साथ ही बीएलओ को सहयोग करने की अपील

देहरादून(उद संवाददाता)। देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने उत्तराखण्ड दौरे के दूसरे दिन रविवार को देहरादून स्थित राज्य अतिथि गृह बीजापुर में एसआईआर की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। आगामी एसआईआर में अपना नवीनतम पासपोर्ट फोटो उपलब्ध कराने के साथ ही एसआईआर में बीएलओ को सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने विस्तृत एईआरओ के प्रथम चरण का प्रशिक्षण पूरा कर दिया गया है, बीएलओ और अन्य फील्ड स्टाफ का प्रशिक्षण गतिमान है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को यह भी बताया गया कि प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए व्यापक स्तर पर दिए हैं। इस दौरान मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, एडीजी डॉ. वी मुरुगेशन, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, डीएम देहरादून श्री सविन बंसल, नवनियुक्त डीएम डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी देहरादून श्री







इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य "एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ, डूप्लीकेट और विदेशी मतदाताओं को चिन्हित कर मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी मतदाताओं से प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को अवगत कराया कि प्रदेश में प्री एसआईआर फेज में 89% मैपिंग की गई है। प्रदेश में गणना प्रपत्रों के प्रिंटिंग की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।डीईओ, डिप्टी डीईओ, ईआरओ/ विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक करने के निर्देश प्रमेंद्र डोभाल, सीडीओ देहरादून श्री अभिनव शाह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, सिटी मजिस्ट्रेट श्री प्रत्यूष सिंह उपस्थित रहे।

# न्याय की आस में ट्रांजिट कैम्प कोतवाली भटक रही घायल वृद्धा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप के शिवनगर मोहल्ले में घर के आगे अश्लील हरकतें करने से मना करना वृद्धा व उसके बच्चों को महंगा पड़ गया। कई लोगों ने वृद्धा व उसके बच्चों पर धारदार हथियारों व ईंट पत्थरों से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल वृद्धा ट्रांजिट कैंप कोतवाली में न्याय दिलाने को लेकर चक्कर काट रही है उसका आरोप है कि पुलिस उसकी कोई सुनवाई नहीं कर रही है। कृष्णा देवी पत्नी बनवारी लाल सैनी निवासी शिव नगर, वार्ड 7 ने बताया कि 22 मई को रात 10 बजे के करीब उसके घर के दरवाजे पर ही एक लड़का व लड़्की अश्लील हरकत कर रहे थे। उसने उनको मना कर यहां से जाने को कहा। जिस पर वह उससे लड़ने लगे और गाली गलौज कर अपने कई साथियों को बुला लिया। वृद्धा का आरोप है कि सब मिल कर उसे मारने लगे जब बेटे उसे बचाने आये तो उन्हें भी पकड़ कर मारने लगे। इस जानलेवा हमले में उसे व उसके पुत्रों को



गंभीर चोटें आ गई। एक ने उस पर चाकू से वार किया जिससे उंगली कट गई। सभी हमलावर धमकी देते हुए वहां से भाग गए।जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसके सर पर कई टांके लगाए गए वही बच्चों का भी उपचार कराया। घायल वृद्धा का आरोप है कि प्रार्थना पत्र देने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले में छानबीन की जा रही है।

# खटीमा-नानकमत्ता बेल्ट में बढ़ते धर्मांतरण के मामले, मिशनरी नेटवर्क पर उठे सवाल

## आईटीबीपी महिला जवान प्रकरण के बाद फिर गरमाया मुद्दा

खटीमा/नानकमत्ता। सीमांत क्षेत्र खटीमा और नानकमत्ता एक बार फिर कथित धर्मांतरण गतिविधियों को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आए आईटीबीपी की महिला जवान और उसके बच्चों के धर्मांतरण के मामले ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। आरोप है कि पति द्वारा महिला जवान पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया और बदले में आर्थिक लाभ का लालच दिया गया। मामले में पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला जवान ने आरोप लगाया कि उसके पति और अन्य लोगों ने पहले रोजगार और आर्थिक मदद का लालच दिया, फिर धीरे-धीरे उसे चर्च गतिविधियों से जोड़कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव




बनाया। आरोप है कि धर्म बदलने पर 2 लाख और प्रचार-प्रसार के लिए हर महीने 6000 नकद देने का वादा किया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि बच्चों के नाम बदलकर उन्हें चर्च ले जाया जाने लगा और विरोध करने पर मारपीट व मानसिक प्रताड़ना दी गई। मामले के सामने आने के बाद खटीमा और नानकमत्ता क्षेत्र में कथित मिशनरी गतिविधियों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। स्थानीय सामाजिक संगठनों और हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि सीमांत क्षेत्रों में लंबे समय से गरीब और बेरोजगार परिवारों को आर्थिक सहायता, इलाज, नौकरी और शिक्षा के नाम पर प्रभावित किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में उधम सिंह नगर और आसपास के क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। कई मामलों में पुलिस जांच हुई। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से सटे सीमांत इलाकों में सक्रिय नेटवर्क पर भी समय- समय पर सवाल उठते रहे हैं। हाल ही में जिले के कई इलाकों में कथित जबरन धर्मांतरण और लालच देकर धर्म बदलवाने के मामले प्रशासन के सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खटीमा-नानकमत्ता बेल्ट में बड़ी संख्या में प्रार्थना सभाएं और छोटे-छोटे चर्च तेजी से बढ़े हैं। आरोप यह भी लगाए जाते रहे हैं कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता देकर धीरे-धीरे धार्मिक प्रभाव में लिया जाता है। हालांकि मिशनरी संगठनों की ओर से अक्सर इन आरोपों को निराधार बताया जाता रहा है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सीमांत क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों की गहराई से जांच क्यों नहीं हो पा रही। सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि कथित धर्मांतरण नेटवर्क, फंडिंग और प्रचार गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी। एसपी क्राइम ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध धर्मांतरण के मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धर्म बदलने पर 2 लाख और प्रचार के लिए 6000 प्रतिमाह

खटीमा। क्षेत्र में धर्मांतरण का मुद्दा गर्माने लगा है। कई संगठनों ने इसे "सीमांत क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान पर खतरा" बताया है, जबकि कुछ लोग इसे सामाजिक और आर्थिक असमानता से जोड़कर देख रहे हैं। पैसे देकर धर्मांतरण का यह मामला पहली बार सामने नहीं आया है। गरीब और बेरोजगार लोगों को लालच देकर ईसाई मिशनरी द्वारा धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले कई बार सामने आ चुके हैं। अब धर्म बदलने पर 2 लाख और प्रचार के लिए 6000 प्रतिमाह देने का मामला सामने आया है। फिलहाल आईटीबीपी महिला जवान का मामला जांच के दायरे में है, लेकिन इस घटना ने खटीमा और नानकमत्ता क्षेत्र में कथित धर्मांतरण गतिविधियों पर एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# जनपद के अस्पतालों और नर्सिंग होम का होगा संयुक्त सुरक्षा ऑडिट

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में संचालित सभी निजी और सरकारी अस्पतालों, नर्सिंग होम, क्लीनिक तथा ट्रॉमा सेंटरों का संयुक्त सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में हुई घटनाओं और संभावित आपदाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा और आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की जांच के लिए संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर गठित इस टीम में नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित अधिकारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान, नगर निगम और जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल रहेंगे। यह टीम हल्द्वानी और रामनगर सहित जनपद के सभी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण करेगी। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में फायर एनओसी की वैधता, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, फायर अलार्म सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, आपातकालीन निकास द्वार, विद्युत वायरिंग सुरक्षा तथा आपातकालीन जल आपूर्ति व्यवस्था की जांच की जाएगी। इसके अलावा भवन मानचित्र स्वीकृति, पार्किंग व्यवस्था, बेसमेंट के उपयोग, अवैध अतिक्रमण और जोखिमपूर्ण संरचनाओं का भी परीक्षण किया जाएगा। प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं के अंतर्गत अस्पतालों में इमरजेंसी रिस्पॉन्स प्लान, ऑक्सीजन सिलेंडरों और ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, अस्पताल कर्मियों को फायर और आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण, सीसीटीवी तथा कंट्रोल रूम व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की जाएगी।

# बनबसा नगर पंचायत के लिए मुख्यमंत्री ने जारी की एक करोड़ की धनराशि

चम्पावत (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनबसा नगर पंचायत क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जर्जर सड़कों और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एक करोड़ रुपये की प्रथम किश्त जारी करने का अनुमोदन प्रदान किया है। यह धनराशि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 336/2024 के अंतर्गत स्वीकृत कुल 807.42 लाख रुपये की परियोजना का हिस्सा है। नगर पंचायत बनबसा द्वारा संचालित होने वाली इस योजना के तहत क्षेत्र की कुल 42 सड़कों और नालियों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। लंबे समय से स्थानीय निवासी सड़कों की खस्ताहाल स्थिति और जलभराव की समस्या से जूझ रहे थे। विशेषकर बरसात के मौसम में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस परियोजना के माध्यम से मोहल्लों में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम विकसित होगा, जिससे सड़कों की आयु भी बढ़ेगी और आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। नेपाल सीमा से सटे होने के कारण बनबसा क्षेत्र सामरिक और व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र में सड़क नेटवर्क के विस्तार और सुदृढ़ीकरण से स्थानीय व्यापार एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। आधारभूत संरचना में सुधार से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# चारधाम यात्रा : 35 दिनों में 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

देहरादून (उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा में इस बार आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं। हालांकि यात्रा व्यवस्थाएं सुचारु होने से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। शनिवार को एक दिन में रिकॉर्ड 96 हजार 116 श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए। वहीं अब तक कुल दर्शनार्थियों की संख्या 20 लाख 76 हजार 553 के पार पहुंच चुकी है। अकेले केदारनाथ धाम में 8 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। चारधाम यात्रा का शुभारंभ 19 अप्रैल को हुआ था और 35 दिनों के भीतर ही यात्रा ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। धामी सरकार के कुशल यात्रा प्रबंधन और व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। यात्रा मार्गों पर सुरक्षा, स्वास्थ्य, यातायात और आपदा प्रबंधन को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौसम की संवेदनशीलता को देखते हुए आपदा प्रबंधन तंत्र को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने की स्थिति में भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार केदारनाथ धाम में 8 लाख 11 हजार 923 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। बद्रीनाथ धाम में 5 लाख 56 हजार 437, गंगोत्री धाम में 3 लाख 52 हजार 162 और यमुनोत्री धाम में 3 लाख 56 हजार 31 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। शनिवार को बद्रीनाथ धाम में सर्वाधिक 32 हजार 219 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं केदारनाथ में 29 हजार 787, यमुनोत्री में 16 हजार 213 तथा गंगोत्री धाम में 17 हजार 897 श्रद्धालु पहुंचे। इधर विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री हेमकुंट साहिब के कपाट भी शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के पहले दिन 6 हजार 605 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था शनिवार सुबह रवाना होकर हेमकुंट साहिब पहुंचा। 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से पूरी लोकपाल घाटी भक्तिमय माहौल में डूबी रही।



केदारनाथ धाम में 8 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

# चारधाम यात्रा ने तोड़े सभी पुराने रिकॉर्ड: धामी

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

रामनगर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस वर्ष चारधाम यात्रा ने अब तक के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और सरकार श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा ऐतिहासिक साबित हो रही है। यात्रा शुरू होने के एक महीने के भीतर ही करीब साढ़े 20 लाख श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं, जबकि पंजीकरण का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के उत्तराखंड पहुंचने से प्रदेश में उत्साह का माहौल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके। इसके लिए यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य सेवाएं,



सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है और व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब यात्रा भी शुरू हो चुकी है और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं आदि कैलाश यात्रा में भी करीब 20 दिनों के भीतर लगभग 20 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन के साथ साथ साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में नीति क्षेत्र में हाई एल्टीट्यूड एक्सट्रीम मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिससे राज्य में एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के सामने पेयजल, वनाग्नि, स्वास्थ्य सेवाएं और बिजली आपूर्ति बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में संबंधित विभागों के साथ इन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई है और लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सभी विभागों के समन्वय से गर्मी के इस सीजन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने में जुटी है। साथ ही आगामी मानसून को देखते हुए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपदा या आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# नानकमत्ता में पुराने रास्ते के विवाद में किसान पर हमला, तीन घायल

नानकमत्ता। पुराने रास्ते के विवाद को लेकर खेत में घास साफ कर रहे किसान पर पड़ोसी पक्ष ने साथियों के साथ हमला कर दिया। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में बिडौरा मझोला निवासी बलवंत सिंह पुत्र प्रताप सिंह ने बताया कि 20 मई को वह अपने खेत में घास की सफाई कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी कुलदीप सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह वहां पहुंच गया और उसे खेत से चले जाने की धमकी देते हुए गोली मारने की बात कहने लगा। आरोप है कि जब परिजनों ने उसकी वीडियो बनानी शुरू की तो कुलदीप सिंह और उसका पिता स्वर्ण सिंह पुत्र बचन सिंह लाठी और भूसा उठाने वाले लोहे के पंजे के साथ वहां पहुंच गए। आरोप है कि दोनों ने बलवंत सिंह को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और लाठी व लोहे के पंजे से हमला कर दिया, जिससे उसके कान में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके भाई सिंगारा सिंह पर भी हमला कर दिया गया। आरोप है कि सिंगारा सिंह के बाल पकड़कर उसे घर की ओर घसीटने का प्रयास किया गया। इसी दौरान होमगार्ड ड्यूटी से लौटे दूसरे भाई मक्खन सिंह ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। तहरीर में कहा गया है कि कुलदीप सिंह, स्वर्ण सिंह, अमरजीत कौर पत्नी सुखदेव सिंह, रंजीत कौर पत्नी स्वर्ण सिंह और सुखदेव सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह ने मिलकर तीनों भाइयों को घेरकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान कुल्हाड़ी लेकर भी हमला करने का आरोप लगाया गया है। घटना में घायल तीनों लोगों ने सरकारी अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। बलवंत सिंह का आरोप है कि अस्पताल में भी हरदीप सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह पहुंच गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 12 वर्षीय अशना नकी बनी पुस्तक लेखक

## ब्री बुक्स ने प्रकाशित किया बाल कहानी संग्रह

काशीपुर। उत्तराखंड के काशीपुर की निवासी तथा आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर की कक्षा 8 की 12 वर्षीय छात्रा अशना नकी पुस्तक लेखक बन गई हैं। वह अपने परिवार की पांचवी तथा सबसे कम आयु की पुस्तक लेखक हैं। इनका कहानी संग्रह यंग माइंड ग्रेट लेसंस अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल पुस्तक प्रकाशक ब्री बुक्स ने प्रकाशित किया है। अशना नकी के परिवार में उनसे पूर्व उनके पिता डॉ. नकी उद्दीन की कॉमर्स विषय पर पुस्तक, उनके बड़े अंकल नदीम उद्दीन एडवोकेट की 45 जन जागरूकता, कानूनी जागरूकता तथा साहित्यिक पुस्तकें तथा उनके चाचा डा .जिया उद्दीन की इंजीनियरिंग गणित विषय पर पुस्तकें, उनकी बड़ी बहन नीलिमा नदीम



एडवोकेट की कानूनी जागरूकता विषय पर पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर के चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह की प्रेरणा से प्रिंसिपल डॉ. मालिनी शर्मा के नेतृत्व में युवा लेखकों के रूप में छात्रों को सशक्त बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुस्तक प्रकाशक ब्री बुक्स के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत यह पुस्तक अशना नकी द्वारा लिखी गई है तथा डिजाइन की गई है। इस कार्यक्रम के संयोजक स्कूल के अंग्रेजी लेक्चरर अतुल यादव हैं। इस पुस्तक में 10 बाल प्रेरक कहानियां शामिल है। यह पुस्तक ब्री बुक्स की वेबसाइट पर उपलब्ध है अशना नकी की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन ब्रिगेडियर सुखबीर सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. मालिनी शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अतुल यादव तथा अन्य शिक्षकों व स्टाफ, छात्र-छात्राओं, विभिन्न अधिवक्ताओं तथा पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी है।

# नीट पेपर लीक के विरोध में युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

रामनगर (उद संवाददाता)। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में बढ़ते विरोध के बीच रविवार शाम रामनगर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नगर पालिका परिषद प्रांगण से शुरू हुआ मशाल जुलूस शहीद पार्क लखनपुर तक निकाला गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विशाल भोजक ने कहा कि पेपर लीक का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं और लगातार देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक होने से देशभर के 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया



कि सरकार युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम कर रही है। विशाल भोजक ने कहा कि पेपर लीक प्रकरण के बाद कई परीक्षार्थियों द्वारा आत्महत्या जैसा कदम उठाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि अब देश का युवा इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतरकर देश और प्रदेशभर में आंदोलन करेंगे। रामनगर से मशाल जुलूस के माध्यम से शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश के हर जिले तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

रामनगर (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनगर पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट के आवास पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने विधायक की धर्मपत्नी आशा बिष्ट के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



# युवाओं के सम्मान में आयोजित हुआ लिटी-चोखा सहभोज

किच्छा (संवाददाता)। किच्छा में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में लिटी-चोखा सहभोज के माध्यम से सामाजिक एकता और आत्मीय सम्मान की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण और पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में संजीव कुमार सिंह द्वारा किच्छा क्षेत्र को अपने उत्कृष्ट कार्यों से गौरवान्वित करने वाले सैकड़ों प्रतिभावान बच्चों, युवाओं और उनके परिजनों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। सहभोज कार्यक्रम ने न केवल सर्वक्षेत्र के लोगों को एक मंच पर जोड़ा, बल्कि कार्यक्रम में सर्व समाज की समृद्ध संस्कृति, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की सुंदर झलक देखने को मिली। इस आयोजन के दौरान क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर किशन सिंह, धनंजय सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, डॉ राहुल गंगवार, कमलेश दुबे, लक्खा सिंह, मनोज गुप्ता, विवेक राय, विशाल चौहान, अमित सिंह, नवीन सिंह, योगेन्द्र कश्यप, संजय सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में समर्थ जैन रहे ओवरऑल चैंपियन

नैनीताल। लोक भवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 22 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2026'' रविवार को संपन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के 9 राज्यों से 179 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। लोक भवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चौंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता नुसरत अब्बासी और उपविजेता अंशुल छाबरा रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एस. सी. गुप्ता विजेता और एस. के. सूरी उपविजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टि धौन विजेता और श्रीमती आरोही अत्री उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और कर्नल मनोज के. साह उपविजेता रहे। मास्टर विजितेंद्रीय सिंह तोमर को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में आलिया सिसोदिया विजेता और कृष्णम विनायक उपविजेता रहे। (12-14) आयु वर्ग में जोहेब अब्बासी विजेता और मेधांश सिंह बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में अरिहंत जोशी विजेता और रिदित नैथानी उपविजेता घोषित किए गए। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 21वां गवर्नर्स गोल्फ कप अपने आप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों के जुनून, खेल भावना और सामूहिक उत्सव का प्रतीक रहा। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चले इस आयोजन ने एक बड़े परिवार की तरह समाज को सकारात्मक संदेश दिया है, जहाँ सात वर्ष की बच्ची से लेकर 81 वर्ष की आयु के वरिष्ठ प्रतिभागियों तक सभी ने मिलकर खेला। उन्होंने बच्चों, महिलाओं और बेटियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्टता, कौशल और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह भविष्य के लिए प्रेरणादायक है। नौ राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति भारत की 'एकता में विविधता' की भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है। राज्यपाल ने कहा कि 1926 से संचालित लोक भवन गोल्फ कोर्स, जो 42 एकड़ के प्राकृतिक एवं शांत वन क्षेत्र में स्थित है, प्रकृति और खेल के अद्भुत समन्वय का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यहाँ पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ और वन्यजीव इस परिसर की जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं तथा ऐसा प्रतीत होता है कि प्रकृति स्वयं इस आयोजन का हिस्सा बन गई हो। राज्यपाल ने कहा कि इन तीन दिनों ने प्रतिभागियों को आत्ममंथन, ध्यान, प्रकृति से जुड़ाव और स्वयं को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस अनुभव और लोक भवन गोल्फ कोर्स की विशेषताओं का आत्मीयता से प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग खेल, प्रकृति और अनुशासन के इस अनूठे अनुभव से जुड़ सकें। राज्यपाल ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोजकों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को और विशेष रूप से लोक भवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, पुलिस महानिदेशक श्री दीपम सेठ, सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष लोक भवन गोल्फ क्लब रीना जोशी, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सचिव लोक भवन गोल्फ क्लब अमित श्रीवास्तव, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सदस्य लोक भवन गोल्फ क्लब सुमित कुमार शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डॉ. सच्चिदानन्द चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एस. ए. निमकर, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।





# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बने अनिल चौहान

## रुद्रपुर में आयोजित बैठक में संगठन विस्तार और हिंदू एकता पर हुआ मंथन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर स्थित सिटी क्लब में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें हिंदू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द महाराज मुख्य अतिथि के शुरुआत समाज हित और हिंदू एकता के संकल्प के साथ हुई। इस दौरान संगठन को गांव गांव तक मजबूत करने, युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने, समाज में आपसी समन्वय बढ़ाने तथा हिंदू समाज की एकजुटता को सशक्त करने लिए जनसंख्या संतुलन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के दो से अधिक बच्चे होने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों में हिंदू समाज की शक्ति, संस्कृति और परंपराएं सुरक्षित रह सकें। उनके वक्तव्य पर सभा में मौजूद लोगों अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि वह समाज के सम्मान, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और संगठन के विस्तार के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को और अधिक मजबूत उपाध्यक्ष, कुलदीप सिंह को जिला अध्यक्ष, प्रवीण धामा को युवा जिलाध्यक्ष, हर्षिल चौहान को महानगर अध्यक्ष, गौरव कुशवाहा को महामंत्री तथा अभय चौहान को युवा उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में ठाकुर अश्विनी सिंह, संवेग चौहान, सचिन चौहान, दिलीप सिंह, संजय चौहान, अजय चौहान, अक्षय गहलोत, हिमांशु चौहान, वरुण गहलोत, तरुण गहलोत, विपिन चौहान, योगेंद्र चौहान, शुभम चौहान, अजीत सिंह, गर्वित चौहान, शेरपाल सिंह और जितेंद्र सिंह








रूप में शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से अनिल चौहान को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक की पर विस्तार से चर्चा की गई। सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द महाराज ने हिंदू समाज की एकता और संस्कृति संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत और सुरक्षित बनाए रखने के ने समर्थन जताया और पूरा पंडाल हिंदू एकता तथा क्षत्रिय समाज की एकता के नारों से गूंज उठा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने और समाज को संगठित करने का आह्वान भी किया। नवनियुक्त प्रदेश बनाकर समाज की आवाज को बुलंद किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड प्रदेश कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। इसमें ठाकुर जगदीश सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, ठाकुर नवीन सिंह को प्रदेश महामंत्री, रघुराज सिंह रावत को प्रदेश जे बी सिंह, ठाकुर जगदीश सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, रघुराज सिंह रावत, नवीन सिंह, अव्निंदर कुमार सिंह, विनीत सोलंकी, गुलाब सिंह, कामेश्वर सिंह जेटली, निशांत शाही, योगेश चौहान, सुध ीर शाही, अनिल रावत, राकेश चौहान, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। विशेष अतिथियों में देवेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह भदौरिया और यशपाल सिंह भी शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज हित के संकल्प के साथ हुआ।





# लापता तीन छात्राएं गाजियाबाद से बरामद, वृंदावन गई थी घूमने

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में बीते दिनों लापता हुई एक ही स्कूल में पढ़ने वाली तीन छात्राओं को पुलिस ने काफी प्रयासों के पश्चात गाजियाबाद से सकुशल बरामद कर उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 20 मई को गुमशुदा 03 नाबालिक बालिकाओ को मंसूरी जिला गाजियाबाद से विगत 30 घन्टे मे सकुशल बरामद किया। पुलिस ने बताया 22 मई की रात्रि को क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के द्वारा अपनी नाबालिक पुत्री और उसकी दो अन्य नाबालिग सहेलिया सभी न्यू बुडलैड एकेडमी कक्षा 8 में पढ़ती है के 22 मई को समय लगभग सुबह 11 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर एक साथ बिना बताये कही चली गयी है। तीनो लडकियो के माता पिता ने अपनी पुत्रियो की सभी सम्भावित जगह व रिश्तेदारी में खोजबीन कर ली है परंतु नाबालिक पुत्रियो के सम्बनध मे कोई पता नही चल सका। मामले की गंम्भीरता के देखते हुए तत्काल छात्राओं की तलाश हेतु टीम का गठन किया गया और सीसीटीवी का अवलोकन किया गया तो पता चला की तीनो ही नाबालिक बालिकाये रोडवेज स्टेशन को जाते हुए दिखाई दी गयी और दिल्ली की रोडवज बस मे बैठ कर जाते हुए दिखाई दी। जिनकी तलाश हुतु सर्विलाश और साईबर सैल की मदद से तलाश किया गया तो तीनो नाबालिक बालिकाओ के वर्दावन मथुरा मे होने की जानकारी मिली। जिस पर बालिकाओ की तलाश हेतु तत्काल टीम को बरामदगी हेतु रवाना किया गया लोकल सर्विलाश और साईबर सैल की मदद से तीनो बालिकाओ को मंसूरी जिला गाजियाबाद उ प्र मे होनी का जानकारी होने पर मौके सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ पर सभी बरामद बालिकाओ के द्वारा स्वयं की मर्जी से वृंदावन मथुरा जाने की बात कही गई। घटना के सम्नब्ध मे पुलिस के द्वारा सभी बिन्दुओ पर जाच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने बरामदग बालिकाओ को उनरे माता पिता के सपुर्द किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक किर्ती भट्ट, उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश बवाड़ी, हे. कानि. अनिल कुमार,का. भूपेन्दर सिह व एसओजी साईबर सैल कर्मी शामिल थे।

# सत्य की नाव डगमग हो सकती है पर डूबती नहीं: चैतन्यपुरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज ने शेरकोट में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परिवार, स्वसमाज और स्वराष्ट्र के उस पार दृष्टिक्षेप करके हम अखिल मानव-जाति तथा प्राणी मात्र से प्रेम का व्यवहार करें। विश्व-बंधुत्व का उदात्त भाव रखें तथा सभी के साथ मैत्री करें। प्राणी मात्र के प्रति हम मित्र भाव से ही देखें और हमारे मन से सभी अपवित्र विचार श्रृंखला नष्ट हो जाए, हमारे मन में किसी के भी विषय में शत्रु भाव न हो, कोई बड़ा हो अथवा छोटा हो हमारा स्नेह भाव उन पर सदा हो। सत्य वचन और मृदु भाषा पर अत्यधिक बल दिया है। सत्य जीवन का वह अकाट्य धर्म है जिसने मनुष्य को सामाजिक तथा व्यवहारिक जीवन में प्रतिष्ठा प्रदान किए



। साथ ही परलोक का मार्ग भी बदल प्रशस्त किया है ।विजय सत्य की होती है असत्य की नहीं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी में धारण करने की क्षमता सत्य से ही आती है, सत्य के कारण ही सूर्य तपता है। सत्य के बल पर ही वायु का संचरण होता है तथा सर्वस्व की प्रतिष्ठा सत्य में ही है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि "धरम न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुराण बखाना।" सत्य के बारे में कबीरदास जी भी कहते हैं कि सत्य के बराबर कोई तप नहीं, झूठ के बराबर कोई पाप नहीं। साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप तथा जिसके हृदय में सत्य का वास है वहां भगवान का निवास है।उन्होंने कहा कि आग्रह, दुराग्रह, संग्रह, परिग्रह, निग्रह इन पांचो ग्रहों के रहते प्रभु का अनुग्रह नहीं मिलता। इन पांचो से स्वयं विचार पूर्वक ही मुक्त हो सकते हैं अन्य साधन से नहीं। दूसरों के कर्तव्य पालन की चिंता ना करके अपने कर्तव्य का पालन करें। दूसरों के बारे में सोचना ही है तो सर्वहितकारी चिंतन करें कि किसी के जीवन में अशांति, वेदना, दुख ना रहे। उन्होंने वाणी की मधुरता पर भी पर्याप्त बल दिया।उन्होंने कहा कि सद्गुरु की कृपा से प्राप्त प्रभु नाम जपकर व कल्याणमय मार्ग पर चलने से व्यक्ति अवश्य ही भवसागर से पार उतर सकता है।अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व "श्री गुरू महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूंज उठा।

# डिजिटल मीडिया में तेजी से पहचान बना रहा डिविट फिल्म्स प्रोडक्शन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर का डिविट फिल्म्स प्रोडक्शन मीडिया और एंटरटेनमेंट की दुनिया में तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है। संस्था द्वारा तैयार किए जा रहे क्रिएटिव कंटेंट और सामाजिक विषयों पर आधारित कार्यक्रमों को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। हाल ही में शुरू किया गया "डिविट्स पॉडकास्ट" शो भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पॉडकास्ट शो में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज, राजनेता, बिजनेसमैन, कलाकार, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों के इंटरव्यू प्रस्तुत किए जाते हैं। शो के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने और समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। मेहमानों के जीवन संघर्ष, उपलब्धियों और अनुभवों को दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। डिविट फिल्म्स प्रोडक्शन के संस्थापक आर बी वर्मा और तुषार वर्मा संस्था को डिजिटल मीडिया क्षेत्र में नई पहचान दिलाने में जुटे हैं। वहीं संस्था के मैनेजर आकाश रस्तोगी प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। संस्था "डिविट फाइनेंशियल्स" का वेंचर है, जो देशभर में लोन और इंश्योरेंस सेवाएं उपलब्ध कराता है।




# हल्द्वानी में मुख्यमंत्री धामी ने सुनी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की समस्याएं

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हल्द्वानी काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में आम जनता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जनता को राहत पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा। जनसुनवाई के दौरान पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण सड़कों की स्थिति, विद्युत आपूर्ति और सिंचाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। मुख्यमंत्री ने पेयजल निगम को ग्रीष्मकाल को देखते हुए आवश्यकतानुसार टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खराब पड़े नलकूपों और हैंडपंपों को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर गड्ढामुक्त करने तथा विद्युत विभाग को निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरमवाल, विधायक सरिता आर्या, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, ध्रुव रौतेला, भावना मेहरा, दीपक मेहरा, आयोग सदस्य जेड ए वारसी, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।







उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड विकास भी, विरासत भी

तहसील हल्द्वानी
के अन्तर्गत ग्राम लोहरियासाल तल्ला में

# मीडिया सेन्टर भवन

का निर्माण कार्य

(स्वीकृत लागत ₹ 675.88 लाख)



श्री पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

का

## शिलान्यास

**श्री पुष्कर सिंह धामी**
मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
के कर कमलों द्वारा

एवं

**श्री अजय भट्ट**
मा. सांसद, लोकसभा क्षेत्र नैनीताल, उधमसिंहनगर

**श्री खजान दास**
मा. मंत्री, सामाजिक कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण, भाषा विभाग एवं मा. प्रभारी मंत्री, जनपद नैनीताल

की गरिमामयी उपस्थिति में

तथा

**श्री बंशीधर भगत**
मा. विधायक, विधानसभा क्षेत्र कालाढूंगी की अध्यक्षता में

विक्रम सम्वत् 2083 ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी सोमवार दिनांक 25 मई, 2026 | समय: प्रातः 10:00 बजे

स्थानः लोहरियासाल तल्ला, हल्द्वानी, उत्तराखण्ड

| ललित मोहन रयाल | बंशीधर तिवारी | शैलेश बगौली |
|---|---|---|
| जिलाधिकारी<br>नैनीताल | महानिदेशक, सूचना एवं लोक संपर्क विभाग<br>उत्तराखण्ड | सचिव<br>सूचना, उत्तराखण्ड शासन |

आप सादर आमंत्रित हैं।

कार्यदायी संस्थाः- उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हल्द्वानी

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR



जन-जन की आवाज़, जन-जन तक
उत्तरांचल दर्पण
आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र

दर्पण न्यूज़

आपकी समस्या, हमारी जिम्मेदारी
आपकी खबर, सब तक

यदि आपके क्षेत्र में कोई समस्या है, किसी कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, या ऐसी कोई भी जानकारी है जिसे आप अपने प्रिय समाचार पत्र उत्तरांचल दर्पण एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म दर्पण न्यूज़ पर प्रमुखता से प्रकाशित करवाना चाहते हैं, तो हमें तुरंत भेजें।

हरि आपकी आवाज़ को बुलंद करें

उसे शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

हमें भेजें – स्थानीय समस्याएं | कार्यक्रमों की जानकारी | फोटो / वीडियो | शिकायतें | अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

ई-मेल darpan.rdr@gmail.com

व्हाट्सएप 9897427586

उत्तरांचल दर्पण – आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# क्वार्ड देशों की बैठक

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से गहरा रहे वैश्विक संकट के बीच क्वाड देशों की महत्त्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। खास बात यह है कि भारत की मेजबानी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यह बैठक होगी। इस संगठन में भारत, अमेरिका के अलावा आस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है। खबरों के मुताबिक, इस बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर विचार-विमर्श के अलावा विश्व भर में पैदा हुए ऊर्जा संकट से निपटने के उपायों पर भी मंथन किया जाएगा।इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे को लेकर भी यह उम्मीद जताई जा रही थी कि पश्चिम एशिया में शांति बहाली का कोई रास्ता निकलेगा, मगर दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की वार्ता के नतीजे में ऐसा कुछ नजर नहीं आया।क्वाड में शामिल देशों में से भारत पर इस वैश्विक संकट का मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असर दिख रहा है। चूंकि वर्तमान में भारत क्वाड की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए यह उम्मीद है कि इस बैठक में ऊर्जा संकट का मसला प्रमुखता से रखा जाएगा। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि क्वाड में अमेरिका भी शामिल है और ईरान के साथ उसके और इजरायल के संघर्ष से ही संकट की यह स्थिति उत्पन्न हुई है।क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को होगी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को भारत पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं, विशेषकर रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर विचार-विमर्श किया। साथ ही पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की गई।अब सबकी नजरें क्वाड की बैठक पर टिकी हैं कि उसमें किन मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच फिलहाल युद्धविराम जारी है, लेकिन होर्मुज जलमार्ग को खुलवाने के लिए अमेरिका के प्रयास अभी तक नाकाम रहे हैं। इसके बजाय होर्मुज के आसपास अमेरिका की नाकेबंदी से स्थिति और जटिल हो गई है।दोनों देश अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं, जिस कारण शांति वार्ता के मार्ग पर अनिश्चितता की बर्फ जम गई है। यही वजह है कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का भारत पर कितना असर हुआ है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दस दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। सीएनजी की कीमत में भी एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है।

# महिला भजन मंडली को भेंट की संस्कृति संवर्धन किट

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में जनपद में चलाए जा रहे "नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त देवभूमि" अभियान के तहत जिला प्रशासन लगातार अभिनव पहल कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को हनुमान मंदिर चम्पावत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने "मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल, कला, परंपरा और पहचान" कार्यक्रम के अंतर्गत महिला भजन मंडली को संस्कृति संवर्धन किट भेंट की।



कार्यक्रम के दौरान महिला भजन मंडली की महिलाओं ने किट में उपलब्ध वाद्य यंत्रों के साथ भजन कीर्तन प्रस्तुत किए। महिलाओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से लोक संस्कृति को नई ऊर्जा मिल रही है और महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि यह पहल केवल सांस्कृतिक संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक चेतना जागृत करने और युवाओं को नशे से दूर रखने का प्रभावी माध्यम भी बन रही है। उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति, भजन कीर्तन, पारंपरिक कला और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देकर जनजागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालेश्वर मंदिर और हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर जनपद की सुख समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। उन्होंने बालेश्वर मंदिर में संचालित विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल के अंतर्गत धार्मिक और सामुदायिक संस्थाओं को संस्कृति संवर्धन किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन किटों में पुस्तकें, वाद्य यंत्र और जनजागरूकता सामग्री शामिल है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से संस्कारवान, जागरूक और नशा मुक्त चम्पावत का निर्माण करना है। कार्यक्रम में बालेश्वर मंदिर के महंत पवन गिरी, व्यापार संघ अध्यक्ष विकास साह, विनीता फर्त्याल, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की बस को किया श्री खाटू श्याम धाम रवाना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम सेवा मंडल चौरिटेबल ट्रस्ट रुद्रपुर के तत्वावधान में श्रद्धालुओं की एक बस राजस्थान स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम धाम एवं सालासर बालाजी मंदिर के पावन दर्शन हेतु रवाना हुई। बस रवाना होने से पूर्व श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम एवं सालासर बालाजी महाराज का पूजन-अर्चन कर सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने बाबा खाटू श्याम जी का पावन निशान दिखाकर बस को विधिवत रवाना किया।



बस रवाना होते ही "जय श्री श्याम", "हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा" एवं "जय सालासर बालाजी" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।प्रमोद मित्तल ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा खाटू श्याम जी एवं सालासर बालाजी महाराज की कृपा सदैव अपने भक्तों पर बनी रहती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्राएं केवल दर्शन का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि यह समाज में आध्यात्मिक चेतना, आपसी भाईचारा, संस्कार एवं सेवा भावना को मजबूत करने का कार्य भी करती हैं। इस दौरान गगन वाधवा, राजीव चावला, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार आर्य, सचिन आनंद, गौरव छाबड़ा, अंकुर तिवारी, प्रताप सिंह सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दूरस्थ खटोली गांव में पहली बार पहुंचे डीएम मनीष, रात्रि चौपाल में सुनीं समस्याएं

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सुशासन और अंतिम छोर तक प्रशासन पहुंचाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार ने विकासखंड चम्पावत की दूरस्थ ग्राम सभा खटोली में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित दुर्गम क्षेत्र खटोली पहुंचने वाले मनीष कुमार जनपद के पहले जिलाधिकारी बने। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए उनका आभार जताया। देर शाम आयोजित चौपाल में ग्राम सभा पचनई, तल्ली खटोली, मल्ली खटोली, वैला सहित आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क, आवास, शौचालय, सिंचाई, मोबाइल नेटवर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेंशन से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चल्थी क्षेत्र से गांव तक आने वाली विद्युत लाइनों की खराब स्थिति और बार बार बिजली बाधित होने की समस्या उठाई। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को स्थलीय निरीक्षण कर लाइन परिवर्तन और मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए। वहीं सरस्वती इंटर कॉलेज आनंदपुरी खटोली में विज्ञान प्रयोगशाला के लिए अतिरिक्त कक्षों की मांग पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए। चौपाल में पार्वती देवी, आन सिंह, कमल सिंह, भरत सिंह, बच्ची सिंह, कुंती देवी, रेखा देवी, मनीषा देवी, शांति देवी, अंजली देवी, लक्ष्मी देवी और पुष्पा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने शौचालय, गौशाला और प्रधानमंत्री आवास से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और परियोजना प्रबंधक स्वजल को पात्र लोगों का सत्यापन कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सोनिया देवी द्वारा दीवानी मोड़ क्षेत्र में हैंडपंप लगाने की मांग पर जिलाधिकारी ने जल संस्थान को प्राथमिकता के आधार पर हैंडपंप स्थापित



करने के निर्देश दिए। साथ ही गांव की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। ग्रामीणों ने जी राम जी योजना के अंतर्गत नेटवर्क शैडो क्षेत्र होने के कारण मास्टर रोल में आने वाली दिक्कतों की शिकायत भी जिलाधिकारी से की। इस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी को आवश्यक छूट प्राप्त कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए ताकि पात्र ग्रामीण योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। चौपाल में 14 वर्ष पूर्व लापता हुए कुंदन बुराड़ी की पत्नी ने अपने बच्चों के भरण पोषण, शिक्षा और पति की तलाश के लिए सहायता की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चम्पावत को प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मल्ली खटोली निवासी बचपन से दिव्यांग सुमन की स्वास्थ्य स्थिति का भी जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और मुख्य चिकित्साधिकारी को समुचित उपचार एवं चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने को कहा। वहीं चनी देवी की निराश्रित पेंशन परिवार रजिस्टर न बनने के कारण बंद होने की शिकायत पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को तत्काल परिवार रजिस्टर तैयार कर पेंशन पुनः संचालित कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ग्रामीणों ने पेयजल, तारबाड़, सिंचाई गूल, सोलर लाइट, मोबाइल नेटवर्क, संपर्क मार्ग और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं भी जिलाधिकारी के सामने रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्यालयों तक सीमित रहना नहीं, बल्कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचकर उसकी समस्या का समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान तल्ली खटोली चंदा बुराठी, ग्राम प्रधान मल्ली खटोली सोनिया बिष्ट, नवीन सिंह, अनिता देवी, भवान सिंह महराना, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन स्टेट गेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने टनकपुर क्षेत्र में निर्माणाधीन आधुनिक स्टेट गेस्ट हाउस परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। करीब 61 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही इस परियोजना का निर्माण कार्य ब्रिडकुल द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और निर्माण सामग्री की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने निर्माण स्थल पर फायर सेफ्टी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को मानसून से पूर्व सभी प्रमुख कास्टिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षाकाल से पहले निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखने को भी कहा। परियोजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेट गेस्ट हाउस के अलावा ट्रांजिट हॉस्टल, वन विभाग के आवासीय क्वार्टर, सिंचाई विभाग और नलकूप



विभाग के कार्यालय भवनों का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे विभिन्न विभागों को व्यवस्थित कार्यस्थल उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि नेपाल सीमा से सटे टनकपुर क्षेत्र में इस परियोजना के पूर्ण होने से प्रशासनिक व्यवस्थाएं मजबूत होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, सहायक अभियंता सिंचाई मनोज तिवारी सहित ब्रिडकुल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एआई-ऑगमेंटेड स्मार्ट कैंपस बदलेगा उत्तराखंड के युवाओं का भविष्य: डा. त्रिपाठी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और एआई के इस दौर में अब पारंपरिक डिग्रियां युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए नाकाफी साबित हो रही हैं। आने वाला समय केवल उन्हीं युवाओं का होगा जो तकनीकी रूप से स्किल्ड और ग्लोबल कॉर्पोरेट वर्ल्ड के लिए पूरी तरह इंडस्ट्री-रेडी होंगे। उत्तराखंड, विशेष रूप से हल्द्वानी और कुमाऊं क्षेत्र के होनहार स्टूडेंट्स की इसी जरूरत को पूरा करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश देश के पहले एआई




-ऑगमेंटेड मल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा मॉडल के रूप में उभर चुका है। लगभग 2,500 करोड़ के बड़े निवेश से विकसित यह हाइटेक स्मार्ट कैंपस हल्द्वानी के युवाओं को सीधे ग्लोबल मंच पर पहचान दिलाने के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डीन, साइंसेज, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने कहा, ष्उत्तराखंड के युवाओं में अदम्य प्रतिभा और कुछ नया करने का जज्बा है। लेकिन अक्सर वर्ल्ड-क्लास टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड रिसर्च और बेहतरीन कॉर्पोरेट एक्सपोजर की कमी के चलते उन्हें अपने घर-परिवार को छोड़कर बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता था। सीयू यूपी इसी भौगोलिक और तकनीकी अंतर को हमेशा के लिए समाप्त कर रहा है। अब हल्द्वानी के छात्र अपने ही क्षेत्र के पास रहते हुए एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसी फ्यूचर की तकनीकों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा पा सकेंगे।ष उन्होंने बताया यूनिवर्सिटी के इस अनूठे एआई-एनहैंस्ड इकोसिस्टम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 68 विशेष प्रोग्राम्स लॉन्च किए गए हैं, जिनमें 40 अंडरग्रेजुएट, 16 पोस्टग्रेजुएट और 12 लेटरल एंट्री प्रोग्राम शामिल हैं। साथ ही, देश की रिसर्च दिशा को बदलने के लिए 22 मल्टीडिसिप्लिनरी पीएचडी प्रोग्राम भी शुरू किए गए हैं। उत्तराखंड के मेधावी और आर्थिक रूप से हर वर्ग के छात्रों की राह आसान करने के लिए यूनिवर्सिटी ने अपने स्कॉलरशिप और एडमिशन पोर्टल सीयूसीईटी 2026 की भी घोषणा की है।

# कांग्रेस का आदिवासी समाज से सामाजिक और भावनात्मक रिश्ता : गोदियाल

## खटीमा में आयोजित 'आदिवासी संवाद' कार्यक्रम कांग्रेस नेताओं ने संघर्ष जारी रखने का किया ऐलान







खटीमा। ग्राम नौगांव थागू (खटीमा) में रविवार को प्रदेश कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित "आदिवासी संवाद" कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस का आदिवासी समाज से केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जब-जब आदिवासी समाज को संघर्ष करना पड़ा, कांग्रेस मजबूती से उनके साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस गरीब, आदिवासी, अनुसूचित एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। आदिवासी समाज की जमीन, अधिकार और सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस पूरी प्रतिबद्धता के साथ संघर्ष करेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा साथियों एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही। कांग्रेस नेताओं ने इसे उत्तराखंड में परिवर्तन की मजबूत आवाज बताया। इस अवसर पर उपनेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक नानकमत्ता गोपाल राणा, किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, पूर्व विधायक नारायण पाल, पूर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, बंसीलाल मीणा, अशोक राणा, दान सिंह राणा, आनंद सिंह राणा, हरिओम सिंह राणा, अनीश सिंह राणा, जवाहर सिंह राणा, मोहित सिंह राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोनी राणा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान गोदियाल के आदिवासी समाज के प्रति संबोधन को लोगों ने गंभीरता से सुना और कांग्रेस नेताओं ने आदिवासी हितों की रक्षा के





## 10.70 ग्राम स्मैक के साथ युवक को किया गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली किच्छा पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10.70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर जिलेभर में नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुरुद्वारे वाली गली लालपुर क्षेत्र से गुरदीप सिंह पुत्र गुरु चरण सिंह निवासी गुरुद्वारे वाली गली लालपुर, कोतवाली किच्छा को संदिग्ध परिस्थितियों में रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोतवाली किच्छा में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह जानकारी जुटाने में लगी है कि वह स्मैक कहां से लाता था और किन लोगों तक इसकी सप्लाई करता था। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बसंत प्रसाद, कांस्टेबल त्रिलोक सिंह और कांस्टेबल मदन नाथ शामिल रहे।



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## पेज एक का शेष...

**शिक्षा और युवा सशक्तिकरण...** तैयारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ सके। इसके लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ साथ आधुनिक अध्ययन सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि खटीमा में स्थापित यह लाइब्रेरी आने वाले वर्षों में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने व्यायामशाला भवन के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण को भी युवाओं के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। आधुनिक उपकरणों और बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित यह व्यायामशाला युवाओं को फिटनेस, खेलकूद और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में फिट इंडिया मूवमेंट और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखंड सरकार भी युवाओं को नशामुक्त, स्वस्थ और अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करने के लिए खेल और फिटनेस सुविधाओं का विस्तार कर रही है। आधुनिक व्यायामशाला स्थानीय युवाओं को नियमित व्यायाम और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में समान रूप से कार्य कर रही है, ताकि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि खटीमा उनका गृह क्षेत्र होने के साथ साथ विकास के प्रति उनकी विशेष प्रतिबद्धता का भी केंद्र है और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से क्षेत्र के छात्र छात्राओं और युवाओं को अपने सपनों को साकार करने तथा आत्मनिर्भर भविष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए मजबूत आधार मिलेगा। इसके पश्चात सीएम धामी ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ उत्तम सिंह नेगी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अतिक्रमण हटाने और भू कानून...** के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में मानसून पूर्व समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने आंतरिक क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने और ग्रीष्मकालीन मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पानी की समस्या या तकनीकी दिक्कत हो, उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अनावश्यक बिजली कटौती किसी भी स्थिति में न हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश विद्युत कटौती आवश्यक हो तो इसकी पूर्व सूचना स्थानीय स्तर पर आम जनता तक समय रहते पहुंचाई जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर आने वाले श्रद्धालुओं से लगातार फीडबैक लिया जाए और प्राप्त सुझावों व शिकायतों के आधार पर व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग पर पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने और यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसखंड यात्रा के अंतर्गत कैंची धाम बाईपास निर्माण कार्य आगामी माह तक हर हाल में पूरा करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पॉली हाउस, एप्पल मिशन और कीवी मिशन जैसी योजनाओं को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखा जाए, बल्कि वास्तविक रूप से किसानों तक उनका लाभ पहुंचाने के लिए प्रभावी ढंग से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि और बागवानी के क्षेत्र में परिणाम आधारित कार्य संस्कृति अपनाने की आवश्यकता है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का लक्ष्य पूरा हो सके। मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों को और तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोशीमठ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों की प्रगति की भी विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून से पहले आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता और निगरानी बढ़ाई जाए।

**स्मार्ट मीटिर लगाने ...** चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर इतने ही लाभकारी हैं तो सबसे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों के घरों पर इन्हें लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पहले से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां लोगों को अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें मिल रही हैं। आम जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है और अब बिजली के बढ़े हुए बिलों से लोगों की परेशानी और बढ़ेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लोगों की इच्छा के विरुद्ध जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए तो कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी और आंदोलन को और तेज किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के चलते विद्युत विभाग की टीम को काम रोककर वापस लौटना पड़ा। क्षेत्र में काफी देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में मामला शांत हो गया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, पार्षद सौरभ बेहड़, विकास मल्लिक, रमेन विश्वास, रंजीत तिवारी, तरूण विश्वास, सुधांशु बढ़ाई, कृष्णपद राय, आसित बाला, गोपाल गोलदार, धनंजय समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**एक ही रात में तीन ...** काटकर घरों के भीतर दाखिल हो गए और कमरों में रखी नगदी तथा सोने चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घरों का सामान बिखरा पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित परिवारों ने बताया कि चोर घरों में रखे कीमती सामान और नकदी अपने साथ ले गए हैं। पीड़ित इबले हसन ने बताया कि उन्होंने कुछ माह पूर्व करीब 38 हजार रुपये का सोना बनवाया था, जिसका बिल भी उनके पास मौजूद है। चोरी की घटना के बाद परिवारों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही सकैनिया चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

**लेन देन के विवाद में...** पश्चात पुलिस ने दोनों भाईयों सुमित गंगवार पुत्र सोमपाल व रिंकू गंगवार को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसके अतिरिक्त कोतवाली पुलिस ने सुमित कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद, कृपाल सिंह पुत्र अंगनलाल निवासी रवींद्रनगर, रामपाल पुत्र नन्हे निवासी ग्राम एरो पोस्ट थाना खजूरिया, बिलासपुर, रामपुर हाल निवासी शिव नगर ट्रांजिट कैंप और अर्पित पाण्डे पुत्र पप्पू पांडे निवासी गढ्ढा कालोनी ट्रांजिट कैंप को भी शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# तो अब उत्तराखंड के 'फर्जी वकील' भी लिए जाएंगे रडार पर?


## बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष के मुताबिक 35-40 प्रतिशत वकीलों के पास फर्जी डिग्रियां

-अर्श-

देहरादून। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद समूची वकील बिरादरी में खासा हड़कंप मचा हुआ है और हर अधिवक्ता ने सामने वाले अधिवक्ता को संदेह की नजर से देखना आरंभ कर दिया है। बार काउंसिल के चेयरमैन के अनुसार लगभग 35-40 प्रतिशत वकीलों के पास फर्जी डिग्रियां हैं और वे मनगढ़ंत डिग्री सर्टिफिकेट के आधार पर अदालतों में प्रैक्टिस कर रहे हैं। बीसीआई के चेयरमैन एवं सीनियर वकील मनन कुमार मिश्रा ने बीते रोज न्यूज एजेंसी पछै से बातचीत करते हुए कहा कि बीसीआई को इस मुद्दे की जानकारी है और वह इस पर कदम उठाने की प्रक्रिया में है। बकौल बीसीआई अध्यक्ष अदालत परिसरों में काले कोट और बैंड पहने दिखने वाले लगभग 35 से 40 प्रतिशत लोग फर्जी हैं। उनकी डिग्रियां पूरी तरह से फर्जी हैं। उन्होंने उन्हें कहीं बनवाया है या कहीं से खरीदा है, और उसी आधार पर वे अदालतों में प्रैक्टिस कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि जब बार काउंसिल आफ इंडिया ने डिग्रियों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की तो लगभग 40% वकीलों ने सत्यापन फॉर्म नहीं भरे, लिहाजा इन 40% वकीलों के फर्जी होने का संदेह है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने इस तथ्य को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के संज्ञान में लाया है। उल्लेखनीय है कि बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष बीते रोज, हाल ही में सोशल मीडिया की सनसनी बनकर उभरी, उस 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बारे में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे, जो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया द्वारा की गई एक मौखिक टिप्पणी के बाद सामने आयी थी।चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की टिप्पणियों को स्पष्ट करते हुए मिश्रा ने बताया कि वह उन युवाओं का जिक्र कर रहे थे, जो फर्जी डिग्रियों के साथ पेशे में शामिल होते हैं। मिश्रा ने स्पष्ट किया कि



चीफ जस्टिस उन लोगों का जिक्र कर रहे थे, जो फर्जी डिग्रियां हासिल करते हैं, काले कोट, बैंड और रोब पहनते हैं, और अदालत में पेश होते हैं। वह बयान उन्हीं के बारे में था। उस स्थिति की पृष्ठभूमि अलग थी। ज्ञात हो कि पिछले हफ्ते, सीनियर वकील पदनामों से संबंधित याचिका दायर करने वाले एक वकील को फटकार लगाते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कई वकीलों की कानून की डिग्रियों की प्रामाणिकता पर संदेह व्यक्त किया था चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने यह भी कहा था कि उन्हें बार काउंसिल ऑफ इंडिया से किसी कार्रवाई की उम्मीद नहीं है, इसलिए वे डिग्रियों के सत्यापन के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो से कहने पर विचार कर रहे हैं। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया द्वारा की गई उपरोक्त मौखिक टिप्पणी के बाद बर काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष द्वारा वकीलों की डिग्री के सत्यापन संबंधित उक्त रहस्योदघाटन ,हालांकि सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया और दिल्ली हाई कोर्ट सहित राजधानी की अन्य अदालतों में प्रैक्टिस कर रहे संदिग्ध वकीलों से संबंधित था फिर भी अब इस तथ्य को देश के अन्य राज्यों के अधिवक्ताओं से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बात उधम सिंह नगर सहित समूचे उत्तराखंड की करें तो उत्तराखंड में सक्रिय फर्जी डिग्री धारी वकीलों के विरुद्ध भविष्य में की जाने वाली कार्यवाही की तस्वीर फिलहाल साफ नहीं है, लेकिन बार काउंसिल आफ इंडिया के ताजा खुलासे के बाद स्टेट बार काउंसिल आफ उत्तराखंड के भी इस दिशा में सक्रिय होने के प्रबल संभावना है। जानकारों का मानना है कि उत्तराखंड राज्य में प्रैक्टिस कर रहे संदिग्ध अधिवक्ताओं के संबंध में कोई भी निर्णायक कार्यवाही स्टेट बार काउंसिल के संज्ञान एवं पहल पर ही हो सकती है। जानकारों के अनुसार किसी अधिवक्ता विशेष की डिग्री के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर जिला अधिवक्ता परिषद भी संज्ञान ले सकते हैं और ऐसे मामले स्टेट बर काउंसिल को आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित कर सकते हैं। लिहाजा नजर अब इस पर रहेगी की स्टेट बार काउंसिल आफ उत्तराखंड और जिला अधिवक्ता परिषद उधम सिंह नगर फर्जी डिग्री धारी वकीलों को अपनी रडार पर कब लेते हैं?




## सीएम ने किया 'ब्रायोफिटिक फ्लोरा ऑफ गैरसैंण' का विमोचन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्रीपुष्कर सिंह धामी ने 'ब्रायोफिटिक फ्लोरा ऑफ गैरसैंण, उत्तराखंड, वेस्टर्न हिमालय' पुस्तक का लोकार्पण एवं विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान के सृजन और नई जानकारियों को समाज तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम होती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जैव विविधता, वन संपदा और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण में इस प्रकार के शोध कार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैरसैंण क्षेत्र की जैव विविधता और दुर्लभ वनस्पतियों पर आधारित यह शोध विद्यार्थियों, शोधार्थियों, पर्यावरण प्रेमियों और वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करना समय की आवश्यकता है और इस दिशा में किए जा रहे वैज्ञानिक शोध भविष्य के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार कर रहे हैं। यह पुस्तक कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की डॉ नेहा कोहली, महिला कॉलेज हल्द्वानी के प्रोफेसर एस डी तिवारी, डॉ प्राची जोशी और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ललित तिवारी द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में गैरसैंण क्षेत्र के ब्रायोफाइट्स पर विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।



ब्रायोफाइट्स छोटे गैर संवहनी पौधे होते हैं, जो मुख्य रूप से नम और छायादार स्थानों में उगते हैं। इन्हें पादप जगत का उभयचर भी कहा जाता है, क्योंकि ये भूमि पर रहते हैं लेकिन निषेचन के लिए पानी की आवश्यकता होती है। पुस्तक में गैरसैंण, गिरगांव, कालीमती, दिवालीखाल और भराड़ीसैंण क्षेत्र की विभिन्न प्रजातियों के लक्षण, फोटोग्राफ और आंतरिक संरचना को रंगीन और ग्लॉसी पेपर पर प्रकाशित किया गया है। पुस्तक का आमुख संघ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी द्वारा लिखा गया है, जबकि इसका प्रकाशन अमेरिका के कैस्पर व्योमिंग स्थित सेल पब्लिशिंग द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री का शॉल ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं ओम पर्वत का चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या, डॉ भुवन आर्य, प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री डॉ अनिल कपूर, डॉ शंकर कोरंगा, डॉ ललित, डॉ जितेंद्र, डॉ मयंक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पुण्य तिथि पर छबील लगाकर बांटा मीठा जल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविन्द्र नगर में आज खुग्गर परिवार द्वारा परिजन की पुण्य तिथि पर छबील लगाकर राहगीरों को मीठा जल का वितरण किया गया। रविन्द्रनगर निवासी आशा रानी खुग्गर ने बताया कि उनके पति हरबंस लाल खुग्गर का स्वर्गवास 5 वर्ष पूर्व आज ही के दिन हो गया था। आज उनकी पुण्य तिथि है। उन्होंने बताया कि पुण्य तिथि पर स्व. हरबंसलाल खुग्गर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों द्वारा प्रत्येक वर्ष राहगीरों को छबील लगाकर मीठे जल का वितरण किया जाता है। इस दौरान जल



वितरण करने वालों में स्व. खुग्गर की पत्नी आशा रानी खुग्गर, पुत्र नीरज खुग्गर, पुत्रवधू रचना खुग्गर, पौत्र ऐन खुग्गर, ऋषि खुग्गर व पौत्री आन्या खुग्गर आदि शामिल थे।

## काया साइकिल्स के प्रतिनिधियों का किया स्वागत

रुद्रपुर। काया साइकिल्स के प्रतिनिधियों के न्यू आर एस साइकिल शोरूम पहुंचने पर प्रतिष्ठान स्वामियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान काया साइकिल्स के विभिन्न प्रोडक्ट्स की जानकारी साझा की गई और ईंधन बचत को लेकर साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा लगातार लोगों से ईंधन की बचत करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए साइकिल के अधिक उपयोग की अपील की जा रही है। इसी क्रम में एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस लाइन में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देहरादून से काया



साइकिल्स के केएमडी मिस्टर अजय बाबा, वाइस प्रेसिडेंट अनमोल बाबा एवं एडवोकेट सक्षम बाबा रुद्रपुर पहुंचे। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिनिधि बालाजी द्वार स्थित न्यू आर एस साइकिल पहुंचे, जहां उन्होंने काया साइकिल्स के उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतिष्ठान स्वामी राजकुमार सीकरी एवं तनिष सीकरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।